मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण

(म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन)

खण्ड–II, पंचम तल, पर्यावास भवन, भोपाल

===

क्र. 13461 वि–12 / e-Marg / 2021 भोपाल, दिनांक 24 / 09 / 2021

प्रति,

महाप्रबंधक (समस्त)
म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण,
परियोजना क्रियान्वयन इकाई–

विषयः–आजादी की 75 वी वर्षगाठ पर विशेष संधारण अभियान अक्टूम्बर 2021

संदर्भः–इस कार्यालय का पत्र क्रं. 13209 दिनांक 22.09.2021

––0––

भारत सरकार के निर्देशानुसार ''आजादी का अमृत महोत्सव'' की कड़ी मे आगामी गतिविधि "Maintenacnce Drive on 7500 Roads" के ~~के~~ अंतर्गत प्रदेश की 836 सड़कों की सूची प्रेषित की गई थी। पुनरीक्षण कर संशोधित सूची प्रेषित की जा रही है। संदर्भित पत्र मे दिये निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

(पी.के. निगम) 23.9.21
प्रमुख अभियंता
म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल

क्र. 13462 वि–12 / e-Marg / 2021 भोपाल, दिनांक 24 / 09 / 2021

प्रतिलिपिः–

1. क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक (समस्त), म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, ... ।
2. महाप्रबंधक (संधारण 1 एवं 2), म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल ।
3. महाप्रबंधक (ई–मार्ग), म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल ।
4. टास्क मेनेजर / मेनेजर आई.टी. म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल।

– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रमुख अभियंता
म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल

mail- 22.9.21

मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण

(म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन)

खण्ड–II, पंचम तल, पर्यावास भवन, भोपाल

===

क्र. 13209 वि–12/e-Marg/2021 भोपाल, दिनांक 22/09/2021

प्रति,

महाप्रबंधक (समस्त)
म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण,
परियोजना क्रियान्वयन इकाई–

विषयः–आजादी की 75 वी वर्षगाठ पर विशेष संधारण अभियान अक्टूबर 2021

––0––

उपरोक्त विषय मे राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास एजेंसी (NRIDA) के पत्रक्रं NRRDA-P017(25)/24/2021-P1 दिनांक 02.09.2021 की प्रति संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

भारत सरकार के निर्देशानुसार ''आजादी का अमृत महोत्सव'' की कड़ी मे आगामी गतिविधि "Maintenacnce Drive on 7500 Roads" के रूप मे संपादित की जानी है। इस हेतु प्रदेश की 836 ऐसी सड़के जो DLP अंतर्गत संधारित की जा रही है एवं ई–मार्ग नेशनल पर उपलब्ध हैं, की सूची संलग्न कर प्रेषित है। इन मार्गों पर विशेष संधारण अभियान के अंतर्गत सभी प्रकार के संधारण कार्य सुनिश्चित किये जाने है। इस संबंध मे निम्नानुसार निर्देश जारी किये जाते हैं–

1. उल्लेखित प्रत्येक मार्ग पर NRIDA के पत्र दिनांक 02.09.2021 मे उल्लेखित सभी संधारण गतिविधियां पूर्ण की जाएं एवं मार्गों को पूर्णतः संधारित किया जाए।
2. इस कार्य के लिए प्रत्येक जिले के लिए महाप्रबंधक नोडल अधिकारी होंगे, जिन जिलों मे एक से अधिक इकाईयां हैं, उनके लिए महाप्रबंधक पी.आई.यू.–1 नोडल अधिकारी होंगे।
3. प्रत्येक मार्ग मे संधारण अभियान के पूर्व एवं पश्चात के फोटोग्राफ लिए जाएं जिससे अभियान के दौरान किये गये कार्यों की पुष्टि हो सके।
4. इस अवधि मे किये गये संधारण व्यय का भी पृथक विवरण रखा जाए।
5. इस कार्य हेतु एक Google Form Link: **https://bit.ly/38wbl4G** जारी की गई है। नोडल अधिकारी सभी मार्गों के संबंध मे NRIDA के पत्र दिनांक 02.09.2021 मे दिये निर्देशों के अनुसार इस Google Form मे प्रविष्टि सुनिश्चित करेंगे।

मार्गों पर वांछित संधारण गतिविधियों को प्राथमिकता के आधार पर दिनांक 15.10.2021 के पूर्व आवश्यक रूप से पूर्ण किया जाए। महाप्रबंधक अपने कार्यक्षेत्र के मार्गों पर स्वयं निरीक्षण कर इसकी पुष्टि करेंगे एवं फोटोग्राफ मुख्यालय प्रेषित करेंगे।

Encl. As above

22/9/21
(पी.के. निगम)
प्रमुख अभियंता
म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल

क्र. 13210 वि–12 / e-Marg / 2021 भोपाल, दिनांक 22/09/2021

प्रतिलिपिः–

1. क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक (समस्त), म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, ... ।
2. मुख्य महाप्रबंधक (वित्त), म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल।
3. महाप्रबंधक (संधारण 1 एवं 2), म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल ।
4. महाप्रबंधक (ई–मार्ग), म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल ।
5. टास्क मेनेजर / मेनेजर आई.टी. म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल।

– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रमुख अभियंता
म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल